**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 12 फ़रवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- हरियाणा सहित आज देश भर में श्री गुरु रविदास जी की  जयंती मनाई गई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने सामाजिक को दूर करते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया।
- श्री मोदी ने महान विचारक और समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय हरियाणा के डार्क जोन वाले खण्डों में भूजल स्तर में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाएगा।
- प्रयागराज के महाकुंभ में आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

***************************************************************************

हरियाणा सहित आज देश भर में श्री गुरु रविदास जी की  जयंती मनाई गई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि गुरु रविदास ने समाज से भेदभाव उन्मूलन के लिए पूरा जीवन लगा दिया था। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने समाज को सेवा, सहनशीलता और भाईचारे का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा -

रविदास जी उस वक्त के आंदोलन के महान संत थे, कमजोर और विभाजित हो चुके भारत को नई ऊर्जा दी, रविदास जी ने समाज को आजादी का मकसद भी बताया था और सामाजिक विभाजन को भी पाटने का काम रविदास जी ने समता और **समृद्धा** की शिक्षा भी दी। मैं देश और दुनियाभर के सभी श्रद्धालुओं को संत रविदास जी की जन्म जयंती और माघी पूर्णिमा की हार्दिक बधाई देता हूं। जय गुरु रविदास।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी महाराज ने एकता, मानवता और भाईचारे का जो संदेश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने सभी से संतो, महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलते हुए काम करने का आह्वान किया।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महान विचारक, समाज सुधारक और प्रखर राष्ट्रवादी महर्षि दयानंद सरस्वती को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि महर्षि दयानंद जीवन भर समाज को अज्ञानता, अंधविश्वास और आडंबर से अवगत कराने में लगे रहे। श्री मोदी ने कहा कि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ भारतीय विरासत और संस्कृति के संरक्षण के लिए महर्षि दयानंद के प्रयास देशवासियों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

**********************************************************************

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा है कि जल शक्ति मंत्रालय हरियाणा के डार्क जोन वाले खंडों में भूजल स्तर में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाएगा। उन्होंने बताया कि देशभर में लगभग 150 जिलों के विभिन्न खंड डार्क जोन में आ चुके है।

श्री पाटिल हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के खंडों को डार्क जोन से बाहर निकालना का कार्य जनभागीदारी के बिना संभव नहीं होगा। इसके तहत, मंत्रालय भूजल पुनर्भरण और जल संचयन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करेगा, जिससे भूजल स्तर में स्थायी सुधार लाया जा सके।

श्री पाटिल ने कहा -

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट 2024 में हरियाणा राज्य को विकास परियोजनाओं के लिए लगभग 76 हजार करोड़ रुपए आवंटित हुए। साथ ही, लगभग 78 हजार करोड़ रुपए अनुदान के रूप में प्राप्त हुए हैं, जिससे हरियाणा तीव्र गति से आगे बढे रहा है। वहीं, वर्ष 2014 से पूर्व की सरकार में हरियाणा को केंद्रीय बजट में 19 हजार करोड़ रुपए और अनुदान के रूप में 21 हजार करोड़ रुपए ही मिलते थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने इस वर्ष का जो बजट पेश किया है, वो हर वर्ग के कल्याण का बजट है। बजट में ग्रामीण क्षेत्र और कृषि क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

किसान कल्याण के लिए बजट में उठाए कदमों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि कृषि ऋण सीमा को 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है।

श्री पाटिल ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को मिले बजट को लेकर अलग से पत्रकार वार्ता की।

उन्होंने कहा -

इस मौके पर बी जे पी नेता संजय टंडन उनके साथ मौजूद रहे।

**********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

**********************************************************************

प्रयागराज के महाकुंभ में आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 10 बजे तक एक करोड़ 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं  संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दिन गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करना शुभ माना जाता है। यह कल्पवास करने के विशेष अनुष्ठान के अंत का भी प्रतीक है।उत्तर प्रदेश के शहरी विकास विभाग के सचिव अनुज झा ने बताया -

**********************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। यह जवाब 8 पन्नों का है। श्री विज ने मीडिया को यह बताने से इंकार कर दिया कि उन्होंने जवाब में क्या लिखा है। विज ने, उनको जारी नोटिस के मीडिया में लीक होने पर भी सवाल उठाए।

**********************************************************************

उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की हैंडबॉल की टीम दूसरे स्थान पर रही।इस टीम में शामिल भिवानी जिले के धनाना गांव के 8 खिलाड़ियों का गांव पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। टीम के खिलाड़ी मोहित ने बताया -

टीम के कप्तान मंजीत कुमार ने कहा कि हालांकि हरियाणा की टीम स्वर्ण पदक हासिल करने से चूक गई, लेकिन गांव वासियों ने जिस तरह उनका मनोबल बढ़ाया है, अगली बार वे और बढ़िया खेलेंगे।जाटू खाप-84 के प्रधान कैप्टन भीम सिंह ने धनाना गांव के विजेता खिलाडिय़ों की जीत पर गर्व जताया।

इनके अलावा पहले व तीसरे स्थान पर रही हैंडबाल टीमों में भी धनाना गांव के ही पांच खिलाड़ी थे।

********************************************************************

अंबाला और पंचकूला जिले से भी गुरु रविदास जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाए जाने के समाचार मिले हैं। अंबाला के बराड़ा में एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। गुरु रविदास मंदिर में पूजा अर्चना व सत्संग के साथ जगह जगह भंडारे भी लगाए गए।मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने पंचकूला में आयोजित समारोह में गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर मत्था टेका और श्रद्धासुमन अर्पित किए। समारोह की अध्यक्षता बी जे पी नेता बंतो कटारिया और कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने की। श्रीमती सुमन सैनी ने गांव मिर्जापुर काठ में गुरु रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की ।करनाल में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी की शिक्षा और विचारधारा आज प्रकाश स्तम्भ के भांति द्वारा मार्गदर्शन कर रही हैं।